Literacy for a Billion

Movie: Sarfarosh
Year: 1999

Song: Hoshwalon Ko Khabar Kya
Lyricist: Nida Fazil

होश वालों को ख़बर क्या
बेख़ुदी क्या चीज़ है
होश वालों को ख़बर क्या
बेख़ुदी क्या चीज़ है
इश्क़ कीजिए फिर समझिए
इश्क़ कीजिए फिर समझिए
ज़िन्दगी क्या चीज़ है
होश वालों को ख़बर क्या
बेख़ुदी क्या चीज़ है

उनसे नज़रें क्या मिलीं
रौशन फ़िज़ाएँ हो गईं
उनसे नज़रें क्या मिलीं
रौशन फ़िज़ाएँ हो गईं

आज जाना प्यार की
जादूगरी क्या चीज़ है
आज जाना प्यार की
जादूगरी क्या चीज़ है

इश्क़ कीजिए फिर समझिए
इश्क़ कीजिए फिर समझिए
ज़िन्दगी क्या चीज़ है

खुलती ज़ुल्फ़ों ने सिखाई
मौसमों को शायरी

खुलती ज़ुल्फ़ों ने सिखाई
मौसमों को शायरी

झुकती आँखों ने बताया
मैकशी क्या चीज़ है
झुकती आँखों ने बताया
मैकशी क्या चीज़ है

इश्क़ कीजिए फिर समझिए
इश्क़ कीजिए फिर समझिए
ज़िन्दगी क्या चीज़ है

हम लबों से कह ना पाए
उनसे हाले दिल कभी
हम लबों से कह ना पाए
उनसे हाले दिल कभी

और वो समझे नहीं ये
ख़ामोशी क्या चीज़ है
और वो समझे नहीं ये
ख़ामोशी क्या चीज़ है

इश्क़ कीजिए फिर समझिए
इश्क़ कीजिए फिर समझिए
ज़िन्दगी क्या चीज़ है

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.